



## एक नजर में

### मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष बने गवली



**शाजापुर ।** अखिल भारतीय न्यायलयीन कर्मचारी महासंघ से संबद्ध मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने संघ के संविधान के अनुच्छेद 18 में प्रदस्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी संघ का विस्तार किया है. जिसमें उन्होंने शाजापुर जिला न्यायालय में पदस्थ दिनेश गवली को मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है. इनकी नियुक्ति पर गवली समाज के वरिष्ठजनों एवं कर्मचारी संगठन के ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है.

### अपहृत नाबालिग बालिका 3 दिन में सकुशल बरामद

**आगर मालवा ।** एसपी दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन में जिले में गुमशुदा एवं अपहृत बालक बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 3 दिवस में सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है. उक्त कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत की गई. दिनांक 31 मई को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से लापता होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई. प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई तथा नाबालिग बालिका की तलाश हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई. गठित पुलिस टीम द्वारा परिजनों, रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर सतत पतारसी की गई तथा उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निरंतर तलाश अभियान चलाया गया. दस्तयाबी उपरांत नाबालिग बालिका को आवश्यक व पूर्ण कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा आगर मालवा पुलिस एवं पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया. उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय, उप निरीक्षक सुनीता परिहार, सहायक उप निरीक्षक कालूराम मंडोर, प्रधान आरक्षक प्रकाश मालवीय, वीरेंद्र सिंह, आरक्षक बबिता परचिया, विजय डांगी एवं रवि दोहरे की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही.

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल और जिला न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

**आगर मालवा ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसौदिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला जेल आगर मालवा विधिक जागरूकता सह पौधा रोपण कार्यक्रम एवं जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला जेल आगर मालवा में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर सह पौधारोपण कार्यक्रम में द्वितीय जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल ने जेल बंदियों की विधिक समस्याएं सुनी जाकर जेल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे राजीनामा योग्य मामले जिनका निराकरण जेल लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है, ऐसे मामलों को जेल लोक अदालत में चिन्हित कर जेल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किया जाता है. चिन्हित प्रकरण में फरियादी एवं आरोपी के मध्य समझौतापूर्व वार्ता कराई जाकर आपसी सहमति एवं स्वेच्छा से राजीनामा करवाया जाकर प्रकरण अंतिम रूप से निराकरण किया जा सकता है. इस अवसर पर फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी, हीरालाल परमार उपजेल अधीक्षक जिला जेल आगर मालवा सहित 170 से अधिक जेल बंदी एवं जेल स्टाफ उपस्थित थे. इसके उपरांत जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा में भी अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश आगर मालवा नीतिराज सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में अन्य न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण के द्वारा फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए ताकि पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सके. पौधारोपण कार्यक्रम में सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अधिवक्तागण ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर द्वितीय जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमंत मेहरा, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे.

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा

**शाजापुर ।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा एवं सदस्य सोनम निनामा ने शाजापुर कलेक्ट्रेट के स्वामी विवेकानंद सभा कक्ष में बाल अधिकार संबंधी प्रकरणो एवं बाल संरक्षण मुद्दों पर स्टेकहोल्डर्स महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई के कार्यों की समीक्षा की. बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ.शर्मा ने बाल कल्याण समिति को निर्देश दिए कि देखरेख व आवश्यकता वाले बालको का किशोर न्याय अधिनियम के तहत विधि मुक्त घोषित करें. साथ ही जिला शिक्षा अधिकरी को निर्देश दिए कि जिले सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय उपलब्ध हो एवं सेनिटरी पेड उपलब्ध हो, शाला त्यागी बालिकाओं की सूची श्रम विभाग के साथ साझा करें. उन्होंने महिला एवं बाल विकास व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत पॉक्सों पीड़ित बालिकाओं कि जानकारी बाल कल्याण समिति को अनिवार्य रूप से प्रदाय करेंए ताकि पीड़ित बालिकाओं को समय पर न्याय मिल सके एवं चाइल्ड लाइन में आने वाले प्रकरणों को संवेदन शीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश भी दिए. जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को छात्रावासों में निवासरत बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित न कर गुणवत्तापूर्ण सेवाए प्रदान करने के निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान आयोग की अध्यक्ष डॉ.शर्मा ने शिशु ग्रह का निरीक्षण कर शिशु ग्रह में निवासरत बालिका का दत्तक ग्रहण की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु समन्वय करने के निर्देश दिए. इस दौरान महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी द्वारा बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण एवं बालकों की शिक्षा व स्वास्थ के संबंध में जिले द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए कलेक्टर ऋजु बाफ्ना के मार्गदर्शन में किए गए नवाचारो के बारे में बताया गया. इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यगण उपस्थित थे.

### अन्नदाताओं से कृषि वैज्ञानिकों ने साझा किए सोयाबीन की उन्नत खेती के गुर

**शुजालपुर ।** आगामी खरीफसीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राम उगली में कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर द्वारा एक दिवसीय खरीफ फसलों की उन्नत तैयारी एवं प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जीआर अम्बावतिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र प्रमुख डॉ. एसएस धाकड़ ने की. कार्यक्रम में केन्द्रो के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश सिंह एवं डॉ. डीके तिवारी, देवेन्द्र परमार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, चंदरसिंह सिसोदिया जिलामंत्री किसान संघ शाजापुर, राजेन्द्रम मेवाड़ा किसान संघ तहसील अध्यक्ष, शाजापुर के साथ प्रगतिशील किसान खामसिंह, नरेन्द्र पाटीदार, कमल पाटीदार, सुरेश पाटीदार, अक्शनराव ठोगरे एवं लगभग किसान उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को कम लागत में सोयाबीन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी. किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों का खेत पर प्रयोग करने को कहा जिससे कि कृषि उत्पादन बढ़ सके एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. धाकड़ द्वारा आधुनिक कृषि तकनीक सोयाबीन की फसल में जल निकास प्रबंधन एवं भू जल संवर्धन, संरक्षित खेती, उन्नत कृषि यंत्रों, अवशेष प्रबंधन की जानकारी प्रदान की साथ ही किसानों को सलाह दी कि मानसून के आगमन से पहले किसानों को अपने खेतों की तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए. बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए केवल प्रमाणित व उन्नत किस्मों के बीजों का ही चयन करें और बिना मिट्टी परीक्षण के खेतों में अंधाधुंध खाद का उपयोग न करें साथ ही जल प्रबंधन और बुवाई की आधुनिक विधियों की जानकारी दी. उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे पारंपरिक विधि के बजाय रेज्ड बेड आदि पद्वति से बुवाई करें, जिससे अत्याधिक बारिश की स्थिति में जलभराव से फसल को नुकसान न हो और सूखा पड़ने पर भी नमी बनी रहे.

# मजदूर भरी बस ट्रक में घुसी, 1 की मौत

**शाजापुर । रोजी रोटी कमाकर घर लौट रहे मजदूरों का सफर देर रात एक बड़े हादसे में तब्दील हो गया. जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 52 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिलाओं और मासूम बच्चों सहित 18 यात्री घायल हो गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं.**



जानकारी अनुसार कमला बस में 50-60 मजदूर सवार थे, ये सभी मजदूर इंदौर के सांवेर क्षेत्र में ईंट भट्टों पर काम करने के बाद उत्तर प्रदेश के ललितपुर स्थित अपने गांवों की ओर लौट रहे थे. शुक्रवार रात 1 से 2 बजे के बीच जब अधिकतर यात्री नींद में थे तभी महाकाल ढाबे के पास बस ने आगे चल रहे एक लकड़ी से लदे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. इस दर्दनाक हादसे में बस चालक मनोहर सिंह निवासी अशोक नगर की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायलों को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया. जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ.विनोद गुर्जर ने बताया कि घायलों में दो गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं. राहत की बात यह है कि सभी 18 घायलों की हालत फ्लिहाल स्थिर है। मृतक चालक के शव को पोस्टमार्टम करवाया है।

घायलों में रूपेंद्र (30) इंदौर, राजेश (47)अशोक नगर, देवेंद्र (30) ललितपुर, अर्चना (25) पति देवेंद्र ललितपुर, आशा (25) पति धर्मेंद्र ललितपुर, धर्मेंद्र (30) निवासी ललितपुर, किशन (30) ललितपुर, सूत्वती 28 वर्ष पति किशन निवासी ललितपुर, प्रेमबाई 50 वर्ष पति गुलाब निवासी ललितपुर, पालक (7) पिता धर्मेंद्र ललितपुर और अन्य हैं।

### ट्रक की लकड़ियां और पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

इस हादसे के बाद कुछ संदिग्ध गतिविधियां भी देखने को मिलीं, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक लकड़ी के गुटकों से भरा हुआ था. हादसे के तुरंत बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला, लेकिन टक्कर के कारण सड़क पर भारी मात्रा में लकड़ी के गुटके बिखर गए. स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हादसे के कुछ देर बाद कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहन लेकर पहुंचे और सड़क पर बिखरी लकड़ियों को आनन फानन में भरकर ले गए. इस पूरे घटनाक्रम और लकड़ी के संदिग्ध परिवहन को लेकर पुलिस की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं. फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है.

## बिजली की डोरी लगाने को लेकर विवाद

### पुलिस ने चार लोगों पर मामला दर्ज किया

**नवभारत न्यूज**

**शुजालपुर, मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डुंगलाय में बिजली की डोरी लगाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम डुंगलाय निवासी इन्दर सिंह मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मजदूरी का कार्य करता है. 5 जून की रात करीब 8.30 बजे वह गांव के हनुमान मंदिर के सामने बिजली की डोरी लगाने गया था. इसी दौरान वहां प्रेम नारायण धनगर तथा उसके पुत्र राहुल धनगर, सतीष धनगर और मनोज धनगर मौजूद थे. आरोप है कि बिजली की डोरी लगाने की बात को लेकर चारों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से मारपीट की, जिससे उसके दोनों हाथ, दोनों पैर और पीठ में चोटें आईं.

फरियादी ने पुलिस को बताया कि जोर-जोर से शोर सुनकर उसके काका रमेश मालवीय और पत्नी चिंता बाई मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव किया. इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए. घटना के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा. चोट अधिक होने के कारण पुलिस ने पहले उसका शासकीय अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया. मेडिकल परीक्षण के बाद शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस पूरे प्रकरण की विवेचना कर रही है.

## ट्रेन में बिगड़ी महिला की तबीयत

**शुजालपुर । जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से यात्रियों में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन, रेलवे पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा की टीम सक्रिय हुई तथा महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया गया.**



जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रा कर रहीं 49 वर्षीय सलमा पति मोहम्मद नफीस की सुबह करीब 9.9 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई, बताया गया कि उनकी शुगर कम हो गई थी जिसके कारण वे अचेत हो गईं. घटना की जानकारी परिजनों एवं सहयात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी. इसके बाद टीटीई ने तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचित किया. स्टेशन मास्टर ने बिना विलंब किए 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी और आवश्यक व्यवस्थाएं कराईं. ट्रेन के शुजालपुर रेलवे स्टेशन पहुंचते ही रेलवे पुलिस, रेलवे कर्मचारियों और एंबुलेंस टीम ने संयुक्त रूप से महिला को स्ट्रेचर की मदद से कोच से बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल पहुंचाया. 108 एंबुलेंस के ईएमटी निखिल चंद्रवंशी और पायलट सुरेश सिसोदिया ने प्राथमिक देखभाल करते हुए महिला को अस्पताल तक पहुंचाया.

### समापन समारोह में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शुजालपुर ।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 45 दिवसीय समर कैंप 2026 का समापन, पुरस्कार वितरण समारोह एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दरसिंह परमार रहे. मंत्री के महाविद्यालय आगमन पर एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, वहीं एनएसएस स्वयंसेवकों एवं खिलाड़ियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. इसके बाद वराहमिहिर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.

## शुजालपुर में खाटू श्याम सेना ने चलाया सदस्यता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**शुजालपुर। श्याम भक्तों की राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत पंजीकृत संस्था श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया. अभियान के तहत नगर में स्टॉल लगाकर नए सदस्यों को संस्था से जोड़ा गया.**

जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत के नेतृत्व में आयोजित सदस्यता अभियान के दौरान इच्छुक लोगों से सदस्यता प्रपत्र भरवाकर उन्हें संस्था का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता प्रदान की गई. इस अवसर पर पदाधिकारियों ने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी भी दी. डॉ. गेहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में जिलेभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है.

संस्था चार वर्षों से नगर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन करती आ रही है. उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 500 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है. पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में जनसहभागिता बढ़ाना है.

### आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

**इंदौर.** भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया. पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है. यही भावना उसे देश के करोड़ों परिवारों से जोड़ती है. देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है. आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा 50 वर्षों की इस प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरुआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है. जैसे-जैसे हम लाइफस्टाइल और फूड श्रेणियों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं,

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने चैंपियनशिप की मेजबानी की

**इंदौर.** नेक्सस इंदौर सेंट्रल एक एक्शन से भरपूर दिन का गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि यह 5 से 6 जून तक सुबह 11 बजे से पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप की मेज़बानी कर रहा है. इस आयोजन का उद्देश्य मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देना है, साथ ही यहाँ आने वाले लोगों को एक दिलचस्प और ऊर्जावान खेल अनुभव प्रदान करना है. चैंपियनशिप के हिस्से के रूप में, आने वाले लोग विभिन्न मार्शल आर्ट्स अकादमियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रशिक्षित एथलीटों द्वारा प्रतिस्पर्धी पेनकैक सिलाट मैच और लाइव प्रदर्शन देखेंगे. यह आयोजन प्रतिभागियों के कौशल, अनुशासन, फुर्ती और ताकत को प्रदर्शित करेगा, जिससे पूरे दिन दर्शकों के लिए एक रोमांचक माहौल बना रहेगा. खेल प्रेमियों, युवाओं और परिवारों को जोड़ने के लिए तैयार की गई इस पहल का उद्देश्य मार्शल आर्ट्स और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है.

## श्रीराम जानकी धाम में भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह

**शुजालपुर । नेमा समाज द्वारा श्री राम जानकी धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह उत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ.**



कथा के दौरान प्रतिदिन ठाकुरजी की विभिन्न लीलाओं का सजीव मंचन किया जा रहा है. इसी क्रम में शनिवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का आयोजन किया गया. भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बाराती बनकर शामिल हुए और भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया. इसके बाद रुक्मणी हरण की लीला का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगलमय विवाह संपन्न कराया गया. विवाह समारोह के लिए आकर्षक एवं मनमोहक मंडप सजाया गया था, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के दिव्य मिलन के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया. कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का महत्व बताते हुए इसे प्रेम, समर्पण और अटूट श्रद्धा का प्रतीक बताया. श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान करते हुए विवाह उत्सव का आनंद लिया. आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे.

## नगर मंडल की बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

**शुजालपुर, 6 जून. भारतीय जनता पार्टी शुजालपुर नगर मंडल की आवश्यक बैठक शुक्रवार शाम जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे की उपस्थिति में आयोजित हुई. बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी अभियानों की रूपरेखा तय की गई.**



जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने बताया कि 5 जून से 23 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इनका उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना है. मंडल प्रभारी कपिल परमार ने कहा कि सभी कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जो निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे. जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने संगठन की डिजिटल कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी संगठन एप पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा. कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और गतिविधियों का रिकॉर्ड भी डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जाएगा. उन्होंने मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया. बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई. इनमें स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान संवाद, मीडिया संवाद, व्यापारी संवाद तथा योग कार्यक्रम शामिल हैं. इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, मंडल प्रभारी कपिल परमार, कार्यक्रम प्रभारी किशोर खन्ना, जिला मंत्री अंजू खत्री, संगीता आर्य सहित जिला, मंडल, मोर्चा एवं शक्ति केंद्र स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. संचालन मंडल महामंत्री योगेश तिवारी ने किया तथा आभार मंडल महामंत्री अमित भैरव ने माना.

## व्याख्यान-पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**आगर मालवा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं लीड कॉलेज शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आईक्यूएसी के तत्वावधान में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डीपी चतुर्वेदी ने की. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवा प्रांत के प्रांत न्यास प्रमुख गोपाल देराड़ी जी रहे.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ. प्राचार्य डॉ. डीपी चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है. आज पर्यावरण से संबंधित अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनका समाधान हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है. उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया. मुख्य अतिथि गोपाल देराड़ी ने अपने उद्बोधन में जल की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि हम दैनिक जीवन में जल का किस प्रकार उचित उपयोग कर सकते हैं तथा जल संरक्षण के लिए कौन कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की तथा भारतीय संस्कृति एवं हिंदू पुरातन परंपराओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए.

**एक नजर में** — नदी के किनारे मिली साइकिल और कपड़े

# लखुंदर नदी में मछली पकड़ने गया 45 वर्षीय व्यक्ति लापता

**शाजापुर । जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लखुंदर नदी में मछली पकड़ने गए एक 45 वर्षीय व्यक्ति के रहस्यमय तरीके से लापता होने से इलाके में चिंता का माहौल है, लापता शख्स की पहचान भोईवाड़ा निवासी उमराव सिंह केवट के रूप में हुई है. नदी किनारे उनकी साइकिल, कपड़े और चप्पल मिलने के बाद किसी अनहोनी की आशंका से परिजनों का बुरा हाल है. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की संयुक्त टीम ने मोर्चा संभाल लिया है और गोताखोरों की मदद से गहरे पानी में सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसारए उमराव सिंह केवट शुक्रवार की सुबह जादमी क्षेत्र के पास लखुंदर नदी में मछली पकड़ने के लिए घर से निकले थे. जब वे देर शाम तक वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी तलाश शुरू की. खोजबीन करते हुए जब परिजन नदी किनारे पहुंचे तो वहां उन्हें उमराव सिंह की साइकिल, उनके कपड़े और चप्पल रखे हुए मिले. स्थिति को संदिग्ध मानते हुए तुरंत लालघाटी पुलिस को सूचना दी गई. मामले की सूचना पाते ही लालघाटी पुलिस की टीम शुक्रवार रात ही मौके पर पहुंच गई थी और प्रारंभिक स्तर पर जांच शुरू की. हालांकि रात का अंधेरा रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा बन गया, जिसके चलते पानी में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान नहीं चलाया जा सका. शनिवार की सुबह होते ही एसडीआरएफ और लालघाटी पुलिस की संयुक्त टीम ने गोताखोरों को नदी में उतारकर एक बार फिर से सघन खोजबीन शुरू कर दी. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि शनिवार सुबह से ही नदी में लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. गोताखोरों की मदद से पानी के चप्पे. चप्पे को खंगाला जा रहा है और टीम लापता शख्स को खोजने का हर संभव प्रयास कर रही है. समाचार लिखे जाने तक लापता शख्स का कुछ पता नही लग सका था.

### वार्षिक पुनरीक्षण के लिए संशोधित प्रक्रिया और समय सारणी जारी

**शाजापुर ।** नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारी के लिए संशोधित प्रक्रिया एवं समय सारणी जारी की गई है, जिसके अनुसार 15 जून अपरान्ह 3 बजे तक दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे एवं दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि 25 जून तक हैं. इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक वर्मा द्वारा अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नपा शाजापुर एवं शुजालपुर अनुभाग एवं तहसीलदार व नायब तहसीलदार न. परिषद मक्सी, अकोदिया, पोलयकलां एवं पानखेड़ी को उत्तरदायित्व सौंपे हैं.